विधानसभा आवश्यक

राजस्थान सरकार

निदेशालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

क्रमांकः एफ 26(वि.स./सामान्य)स्था/निकाशि/2019/1105 दिनांकः 07 अगस्त, 2020

1. प्राचार्य,
   समस्त राजकीय महाविद्यालय,
   राजस्थान।

2. सहायक निदेशक,
   समस्त क्षेत्रीय कार्यालय, कॉलेज शिक्षा,
   राजस्थान।

विषयः विधानसभा प्रश्नों के उत्तर तुरन्त भेजने बाबत।

महोदय,

जैसा कि आपको विदित होगा कि 15वीं विधानसभा का पंचम सत्र दिनांक 14 अगस्त 2020 से प्रारम्भ होने जा रहा है। सत्र में सचिवालय स्तर से विधानसभा के महत्वपूर्ण प्रश्न, स्थगन प्रस्ताव एवं ध्यानाकर्षण प्रस्ताव निदेशालय को प्राप्त होते है, जिनका उत्तर राज्य सरकार को समय पर भिजवाया जाना आवश्यक है।

यह देखने में आया है कि जब महाविद्यालयों से विधानसभा से संबंधित सूचना मांगी जाती है तो महाविद्यालयों से सूचना समय पर प्राप्त नहीं होती है। इसके अभाव में विधानसभा प्रश्न का उत्तर तैयार करने में बड़ी कठिनाई उत्पन्न होती है।

इस संबंध में कृपया आप सुनिश्चित करें कि विधानसभा से संबंधित चाही गई सूचना 24 घण्टे में निदेशालय की संबंधित शाखा की ई–मेल आई.डी. पर भिजवा दी जावे, भेजी गई सूचना की प्रति डाक द्वारा भी भिजवाना सुनिश्चित करें।

ई–मेल. आई.डी. निम्नानुसार हैः–

1	संयुक्त निदेशक, एच.आर.डी	hrd.cce@gmail.com
2	संयुक्त निदेशक, आयोजना	jdplan.cce@gmail.com
3	संयुक्त निदेशक, अकादमिक	jdacad1960@gmail.com
4	संयुक्त निदेशक, प्रशासन	jdadmn.cce@gmail.com
5	संयुक्त निदेशक, निजी संस्थायें	jdpi.cce@gmail.com
6	संयुक्त निदेशक, आर.वी.आर.ई.एस.	rvres.cce@gmail.com
7	उपविधि परामर्शी	legal.cce@gmail.com
8	वित्तीय सलाहकार	cao.cce@rajasthan.gov.in

विधानसभा प्रश्नों की सूचना हेतु वरिष्ठ अधिकारी (नोड़ल अधिकारी) का मनोनयन कर उनका पता, मोबाईल नम्बर निम्न तालिका में विभाग को तीन दिवस में सूचित करें :–

क्र.सं.	अधिकारी का नाम	पता	टेलीफोन/मोबाईल नम्बर
1	प्राचार्य		
2	नोडल अधिकारी		

विधानसभा सत्र के दौरान प्राचार्य एवं नोड़ल अधिकारी मुख्यालय नहीं छोड़ेगें।

भवदीय,

(बाबू लाल गोयल)
अतिरिक्त आयुक्त

क्रमांकः एफ 26(वि.स./सामान्य)स्था/निकाशि/2019/1105 दिनांकः 07 अगस्त, 2020

प्रतिलिपिः निदेशालय वेबसाईट प्रभारी, निदेशालय की वेबसाईट पर अपलोड करने का श्रम करें।

(डॉ. ताराचंद बैरवा)
प्रभारी विधानसभा,